पुलिस थाना रातानाडा प्रेस नोट

@Dcp Jodhpur East @dcpeastjodhpur 9530440800

दिनांक– 12 नवम्बर 2022

- **युवक को भरे बाजार में चाकू मारने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार**

घटनाः– दिनांक 10.11.2022 को रात्रि के समय प्रार्थी आकाश भाटी को सब्जी मण्डी रातानाडा शराब के ठेके के पास दो युवकों द्वारा चाकू मारकर आरोपी फरार हो गये जिस पर प्रकरण संख्या 370/11.11.2022 धारा 341, 323, 327, 509, 307/34 भादस में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना की गम्भीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के आदेशानुसार श्रीमान नाजीम अली आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर व श्री देरावरसिंह आरपीएस वृत पूर्व के निर्देशन मे मन थानाप्रभारी प्रहलादसहाय उनि के नेतृत्व मे मुल्जिमान की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा प्रयासः– प्रकरण की गंभीरता के मध्यनजर एसीपी साहब पूर्व श्रीमान देरावरसिंह जी के निर्देशन में टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरा व कमाण्ड कन्ट्रोल रूम तथा खास मुखबीरान से आसूचना प्राप्त कर मुल्जिमान के ठिकानों का पता कर घटना को अंजाम देने वाले दोनों युवकों को टीम सदस्यों द्वारा कडी मेहनत व भरसक प्रयास कर वारदात के 24 घण्टे के भीतर दस्तयाब कर गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय मे पेश कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया।

नाम पता मुल्जिमानः–

01. शुभमसिंह पुत्र श्री महेन्द्रसिंह जाति रावणा राजपूत उम्र 24 वर्ष पैशा टैक्सी चलाना निवासी निबाज पुलिस थाना जैतारण पाली हाल बिजली घर के सामने पुलिस थाना रातानाडा जोधपुर
02. आशीष आरोड पुत्र श्री रमेश आरोड जाति कुम्हार उम्र 24 वर्ष निवासी गणेशपुरा गली नं 3 पुलिस थाना रातानाडा जोधपुर

टीमः–

01.प्रहलादसहाय उपनिरीक्षक पुलिस
02.श्री जगदीशप्रसाद सउनि.
03.श्री गोपालसिंह हैडकानि. 124
04.श्री धनेश कुमार कानि. 2799 (विशेष योगदान)
05.श्री विकास कानि. 2772
06.श्री नटवरसिंह कानि. 2664

थानाधिकारी
पुलिस थाना रातानाडा,
आयुक्तालय जोधपुर पूर्व।